पारंपरिक ज्ञान से सीखें और चुनौतियों के नए-नए समाधान तलाशें : चौहान

आईआईएम में अतिथि के रूप में शामिल हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी एवं सीईओ

दीक्षांत समारोह में 445 स्टूडेंट को मिले डिग्री और पदक

नवभारत ब्यूरो। रायपुर। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईरएम) रायपुर के 12वें दीक्षांत समारोह का आयोजन सोमवार को आईआईएम परिसर में किया गया। इसमें 445 स्टूडेंट को डिग्री और पदक बांटे गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी एवं सीईओ आशीष कुमार चौहान ने ग्रेजुएट छात्रों को भारत के पारंपरिक ज्ञान से सीखने और वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों के नए-नए समाधान ढूंढने की कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को अपनी कॉर्पोरेट यात्रा में समान स्तर की अनुकूलन क्षमता और प्रवीणता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक राउत नाचा से अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह में 17 एक्सचेंज ग्रेजुएट, 233 पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के ग्रेजुएट, 21 पीजीपीएमडब्ल्यूई के ग्रेजुएट, 172 ईपीजीपी के ग्रेजुएट और मैनेजमेंट ग्रेजुएट में 2 एग्जीक्यूटिव फेलो प्रोग्राम के छात्रों को डिग्री और पदक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि श्री चौहान, आईआईएम रायपुर गवर्नर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती श्यामला गोपीनाथ और आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार कांकाणी ने ग्रेजुएट छात्रों को प्रेरक संदेश दिए।

हमेशा सीखते रहने की मिली प्रेरणा

शासी मंडल अध्यक्ष श्रीमती श्यामला गोपीनाथ ने आगे बढ़ते हुए प्रभावशाली कार्य नीति अपनाने की सलाह दी। उन्होंने स्टूडेंट से एक ऐसा सकारात्मक और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने में योगदान देने का आग्रह किया, जहां अलग- अलग प्रकार की सोच और विचारों को स्वीकार, महत्व और स्वागत किया जाता है। उन्होंने छात्रों को हमेशा समर्पण, निरंतरता और ईमानदारी के साथ सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रो. कांकाणी ने रखी रिपोर्ट

निदेशक प्रो. कांकाणी ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने आईआईएम की उपलब्धियों और महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। प्रो. कांकाणी ने आईआईएम रायपुर के शानदार रिसर्च आउटपुट, नई इन्क्यूबेटेड वर्किंग पेपर सीरीज और केस हाउस सहित विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इन्हें मिला स्वर्ण पदक

आईआईएम के दीक्षांत में शैक्षिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक भी दिए गए। पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के छात्रों में अदिति जोशी ने बीओजी अध्यक्ष का स्वर्ण पदक प्राप्त किया। करंबेलकर श्वेता राहुल ने निदेशक का स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आयुष कुमार ने पीजीपी अध्यक्ष का पदक प्राप्त किया और हर्षित जैन ने सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए पदक प्राप्त किया। एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (ईपीजीपी) के छात्रों में शिवेश कुमार ने बीओजी अध्यक्ष का स्वर्ण पदक, रिचा कुमारी ने अध्यक्ष का स्वर्ण पदक और अद्वितीय पाटनी ने पीजीपी अध्यक्ष का पदक अपने शैक्षिक प्रदर्शन के लिए प्राप्त किया।

ग्रेजुएट बैच को मिले ये टिप्स

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी एवं सीईओ श्री चौहान ने ग्रेजुएट बैच को टिप्स दिए। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर ग्रेजुएट बैच को कृतज्ञ, जिम्मेदार, साहसी और ईमानदार होने, ज्ञान प्राप्त करने के लिए जिज्ञासु होने और सक्रिय रहने, नम्र और खुले विचारों वाले, नैतिक और धैर्यवान होने और सही कदम उठाकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

खुशी से झूम उठे

मेडल और डिग्री मिलने की खुशी में स्टूडेंट झूम उठे। वे दोस्तों और परिवार के साथ फोटो खिंचाते रहे। स्टूडेंट ने उत्साह के साथ स्कॉर्फ उड़ाए और खुशी जाहिर की।

Navabharat, 25th April, 2023, P.03